आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राष्ट्रपति–हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता और भारत की समृद्ध व विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कला लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और एक–दूसरे से जोड़ती है।
उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल एक सांस्कृतिक पहचान है बल्कि लोगों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश के 32 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है और उनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

समारोह में राष्ट्रपति ने शिमला की प्रिया को 30 वर्ष आयु वर्ग में वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार सेे सम्मानित किया। प्रिया ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि वे इस कला के माध्यम से हिमाचल प्रदेश का नाम दुनिया में लेकर जाएंगी।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार व ढांचागत विकास के लिए सार्थक कदम उठा रही है। वे आज भटियात उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुता के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले वित्त वर्ष से करीब सौ स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है और इसमें भटियात क्षेत्र के 3 स्कूल भी शामिल है।

बिंदल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 व 13 दिसम्बर को हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में बताया कि जगत प्रकाश नड्डा 12 दिसम्बर को शिमला पहुंचेगे व 13 दिसम्बर को पीटरहॉफ में उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बिंदल ने बताया कि इसी दिन जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन भी करेंगे।

चिट्टा मुक्त अभियान

प्रदेश में बढ़ रहे नशे के खिलाफ सत्ता पक्ष व विपक्ष के साथ–साथ समाजसेवी संस्थाएं भी जनजागरण अभियान चला रही हैं। इसी कड़ी में 7 ज़िलों की 17 स्वयं सेवी संस्थाओं ने संजीवनी संस्था के बैनर तले प्रदेश में चिट्टा के विरूद्ध एक व्यापक अभियान शुरू किया है। समाज सेवी संस्था संजीवनी के अध्यक्ष महेंद्र धर्माणी ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बीते दिनों शिमला में हुई कार्यशाला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का पालन करते हुए अब संजीवनी संस्था प्रदेश के हर ज़िला में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।